## एक नजर में

### फसल क्षति सर्वे के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाया गया कंट्रोल रूम

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर अतिवृष्टि एवं कीट व्याधि के कारण धान फसल को हुई क्षति के संबंध में जानकारी देने किसानों के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07632-240102 पर किसान फोन कर जानकारी दे सकते है कि पटवारी उनके खेत में फसल क्षति सर्वे के लिए पहुंच रहे है या नहीं पहुंच रहे है। किसान इस नम्बर पर प्रात: 10 बजे से शाम 06 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। इस कंट्रोल रूम में पशु चिकित्सा विभाग के प्रगणक मौसम कोडापे मोबाईल नम्बर 8817769444 एवं रेशम विभाग के सहायक ग्रेड 3 युगलकिशोर पटले मोबाईल नम्बर 9479699081 की ड्यूटी आगामी आदेश तक के लिए लगायी गई है।

### फसल बीमा क्षतिपूर्ति के लिए टोल फ्री नम्बर 14447 जारी

**बालाघाट।** अतिवृष्टि एवं कीट व्याधि से धान फसल को हुई क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए फसल बीमा कराने वाले किसान टोल फ्री नम्बर 14447 पर कॉल करके फसल को नुकसान पहुंचने की सूचना दे सकते है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिन किसानों ने अपना फसल बीमा कराया है वे कृषि रक्षा पोर्टल के इस टोल फ्री नम्बर 14447 पर कॉल कर सकते है। इस नम्बर पर कॉल करने पर किसान से उसके राज्य एवं जिले की जानकारी लेने के बाद उसके द्वारा लगायी गई फसल तथा मोबाईल नम्बर व आधार नम्बर की जानकारी ली जाएगी। किसान यह सभी जानकारी देकर फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि के लिए आवेदन दे सकते है।

### किसान 9 नवंबर तक करा सकेंगे पंजीयन

**बालाघाट।** रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर बालाघाट जिले के इतिहास में पहली बार किसानों से मोटे अनाज कोदो-कुटकी का शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

**कार्रवाई** संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई, होटल-किराना दुकान से सैंपल लिए

# परसवाड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन सख्त

**नवभारत, परसवाड़ा।** त्योहारों का मौसम करीब आते ही खाद्य पदार्थों की मिलावट रोकने और शुद्धता सुनिश्चित करने प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। शुक्रवार को खाद्य विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने परसवाड़ा में औचक छापामार कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान सिविल लाइन स्थित छाया किराना स्टोर और बस स्टैंड क्षेत्र के जगदीश होटल से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए।

निरीक्षण में टीम ने खाद्य गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति को बारीकी से परखा। अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

दौरान निरीक्षण टीम लक्ष्मी बेकरी भी पहुंची, हालांकि देर शाम तक समय बीत जाने के कारण वहां सैंपलिंग नहीं हो सकी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बेकरी में जल्द ही अलग से कार्रवाई की जाएगी और जांच पूरी की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज विश्वकर्मा ने बताया कि औचक निरीक्षण पूर्व मिली शिकायतों के आधार पर किया गया। उन्होंने कहा—. सूचना के आधार पर आज संयुक्त दल गठित कर कुछ प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया गया है। साफ सफाई को लेकर सख्त निर्देश दिए गए है। यह अभियान सतत जारी रहेगा ताकि किसी भी तरह की मिलावट पर सख्ती से रोक लग सके।

प्रशासन ने सभी व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि त्योहारों के मौसम को देखते हुए जिलेभर में निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें कहीं भी मिलावट या अस्वच्छ खाद्य सामग्री की शंका हो तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

#### प्रशासन ने दिया साफ संदेश

नायब तहसीलदार कृष्णा नायक ने कहा— 'खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ मिलकर परसवाड़ा में दो प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जहां-जहां स्वच्छता में कमी मिली है, वहां आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अगली कार्रवाई में बेकरी की जांच भी अनिवार्य रूप से की जाएगी।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसो. ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**नवभारत, बालाघाट।** शिवशंकर तिवारी जिला अध्यक्ष वरिष्ठं नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दीप पूजन महापर्व दीपावली मिलन समारोह दिनांक 31अक्टूबर 2025 को अपने समस्त पेंशनर्स कर्मचारियों के साथ दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य शीतल पैलेस भटेरा रोड बालाघाट में मनाया गया। मिलन समारोह मे कई विभागों के सेवा निवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्रित हुए । उक्त कार्यक्रम श्री राजेश वर्मा जी की अध्यक्षता एवं श्री एस. सी. गुप्ता जी सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी, श्री ए.के. सिंघई जी सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं श्री एम. जे.आर.खान जी सेवानिवृत्त सहायक यंत्री एवं श्री योगेंद्र सिंह तोमर जी सेवानिवृत्ति उद्यान की विभाग बालाघाट के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई । कार्यक्रम के उद्घोषक शहर के जाने-माने एंकर एवं कोऑपरेटिव विभाग से सेवानिवृत हुए श्री मनोज रावल जी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल माला से करवाया गया एवं पूरे कार्यक्रम को अपने बेहतरीन अंदाज से सफल बनाया।

उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए कर्मचारी सम्मिलित हुए थे । अरुण पुंजनवार, हनफी, सजन राव, रमेश दीक्षित, रामराज मेहरबान, महेश कुमार सोनी, चंद्रशेखर शुक्ला, नितेंद्र श्रीवास्तव, जी. पी .भगत, सी. बी. बघेल, बाय एस राणा, एस एन शर्मा, बांसोड़, अरुण पाराशर ,श्री के सोनी , कमल किशोर मोर, शिव प्रसाद लिलहारे, सुरेश कुमार सोनकर, प्रताप सिंह पटेल, शिवकिशोर ढोड़रे, बृजलाल यादव, शिवप्रसाद नागपुर, देवेंद्र प्रसाद तिवारी, शालिग्राम कुर्वे, दीनदयाल सोनी एवं अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित हुए । माननीयो की उपस्थिति में कार्यक्रम में कर्मचारियों का सदस्यता अभियान एवं संघ का गठन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । संगठन के जिला सचिव की जवाबदारी देवेंद्र प्रसाद पांडे सेवानिवृत्त उप वनक्षेत्रपाल, डी.के. शिवने को जिला कोषाध्यक्ष, वाए. एस. राणा को बालाघाट तहसील अध्यक्ष तहसील एवं बी. डी. मेश्राम जी को लालबर्रा तहसील का अध्यक्ष का प्रभार सौपा गया है ।

जिला अध्यक्ष शिव शंकर तिवारी द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही जिला स्तर पर सदस्यता अभियान एवं गठन की कार्रवाई पूर्ण किए जाने के प्रयास किए जाएंगे ।

## बहुप्रतीक्षित नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बे के ऊपर टीन शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट विश्व का प्रथम संग्रहालय है, जहाँ नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा स्थापित किया गया है। जिसे सुरक्षित रखने हेतु टीन शेड का निर्माण के लिए भूमि पूजन बालाघाट विधान सभा की प्रथम महिला विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के हस्ते डॉ.पं.भूपेंद्र कुमार दुबे ने सम्पन्न करवाया। तदोपरान्त सम्मान की श्रृंखला में श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा मेरे विधान सभा क्षेत्र के ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व का विश्व का एक मात्र इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट है, जहाँ विदेशी पर्यटकों के साथ ही भारतीय पर्यटकों का जनसैलाब रहता है, नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा को दीर्घकाल तक सुरक्षित करने के लिए मेरे विधायक निधि से

इसे आकर्षित बनाना मेरा उत्तरदायित्व है। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष बहुत लगनता के साथ धरोहरों को संरक्षित करने का उद्देश्य बनाया है, जो तारीफें काबिल है, उनकी अर्धांगिनी डॉ.कविता गहरवार का जो आत्मीय सहयोग मिल रहा है, अति सुन्दर है। मैं डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष की टीम को अनन्त बधाई देती हूँ। जो धरोहरों को संरक्षित कर रहे है।

संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने अपने उद्बोधन में कहा आज एक संयोग ही है जब नैरोगेज डीजल इंजन जब 23 नवम्बर 2023 को लाया गया था, उस दिन देवउठनी ग्यारस थी और आज जब नैरोगेज डीजल इंजन का सुरक्षित रखने हेतु टीन शेड का निर्माण हेतु भूमिपूजन देवउठनी ग्यारस के दिन किया गया है।

उक्त अवसर पर संचालन श्रीमती सुषमा नाविक ने किया। उक्त अवसर पर डॉ.संतोष कुमार सक्सेना, डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता, डॉ.कुलदीप बिल्थरे, राजेन्द्र कुमार शिवहरे, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे, रमेश कुमार राठी, रमेश दीक्षित, बलिनन्दर चौहान, राजकुमार चौहान, कृष्णा कंसरे, ममता भलावी, संध्या मेश्राम सहित आदि संस्थान संग्रहालय परिवार उपस्थित था।

## मॉडल स्कूल बिरसा में आयोजित हुआ साइंस सर्किल अवार्ड समारोह

**नवभारत, बैंहर।** 31 अक्टूबर को शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में Science Circle's SCAT-JCAT Talent Award Ceremony 2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सर्राफ द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता तथा तहसील बिरसा के तहसीलदार श्री राजुलाल नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम मेंसाइंस सर्किल मध्यप्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट आर.एस. बैस, साइंस सर्किल मध्यप्रदेश के सेक्रेटरी एवं सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, तथाजॉइंट सेक्रेटरी श्री हुमराज पटले भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेकर स्ट्रक्ज-छ्ट्रक्ज 2024 में प्रोत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता के प्रेरक विचारों से प्रेरित होकर विद्यालय में स्थापित 'पिंक लाइब्रेरी' का शुभारंभ सीईओ श्री अभिषेक सर्राफ द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में अध्ययन के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास को बढ़ाना है। कार्यक्रम में तीनों अधिकारियों की उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का विषय बनी। छात्रों ने कहा कि ऐसे सफल व्यक्तित्वों को अपने बीच देखकर उनमें भी उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की भावना जागृत हुई।

कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों को हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया तथा उनके मार्गदर्शन को विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार्यक्रम मेंसंस्था नोडल राजेश राहंगडालेएवं शिक्षक साथी राजेश कुमार धुर्वे, श्रीमती पूजा कुशरे, पुष्पेन्द्र कुमार पालके, कमल सिंह मेरावी, उम्मेद केलकर, श्रीमती डिलेश्वरी भगत, श्रीमती स्वाति ब्रम्हनोटे, सुरेश बघेल, आशीष तिल्लासी, संतोष बिसेन, एवं फगनूसिंह सैय्यामसहितसमस्त विद्यालय परिवारने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

## शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

### छात्रावास में पढ़े हुए बच्चे भी बनते है कलेक्टर-एसपी : विवेक पटेल

**नवभारत, वारासिवनी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम झालीवाड़ा में शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल पहुँचे कार्यक्रम के पहुंचते ही विधायक विवेक विक्की पटले का छात्रावास अधीक्षक सौरभ मेश्राम व छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया जिसके पश्चात सभी अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती के

छायाचित्र पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया वही विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते छात्रावास की बालिका अंशु गजभिए को दसवीं वी क्लास में 96 प्रतिशत बनाकर छात्रावास का नाम रोशन करने क़र लिए प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया जिसके पश्चात बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य और नाटक के माध्यम से पढ़ाई के महत्व को बताया इस दौरान छात्रावास अधीक्षक सौरभ मेश्राम,जागेंद्र वासनिक,तेजराम नगपुरे, महादेव ठाकरे,विशाल वाहने,उदेलाल तुरक़र,प्रताप अडमे,खुशाल राहंगडाले,जितेंद्र पटले, दशरथ आमाडारे,मनोज टेंभरे,अरविंद देशमुख,सुरेश बारेक़र हेमलता सलामे,सुनीता पटले,संगीता वैष्णव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

#### हमें अपने जीवन में क्या बनना है अभी से लक्ष्य तय करे

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की छात्रावास इसलिए खोला जाता हैं की दूर से आये हुए बच्चे वहाँ रहकर पढ़ाई करे,छात्रावास हमें अनुशासन सिखाता हैं छात्र-छात्राए अपने माता पिता को छोड़कर छात्रवास में रहकर पढ़ाई क़र करते हैं बच्चों के माता-पिता चाहते हैं हमारे बेटा-बेटी बढ़ाई करके नौकरी करे या समाज की सेवा करे पिता खुद पुराने कपड़े पहनता हैं मगर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देता हैं मेहनत की कमाई अपने बच्चों को पढ़ाने में लगा देता हैं बाबा साहेब कौन थे,महात्मा गाँधी कौन थे सभी को पता रहना हैं पढ़ाई के वक़्त समय लौटकर कभी नहीं आता हैं आप लोगो को अभी से तय करना चाहिए की हमें आगे चलकर क्या बनना हैं।

### पी जी कालेज में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 01 नवम्बर 2025 को 70 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के बीच भारत के हृदय कहे जाने वाले म.प्र. के समृद्ध इतिहास विविध सांस्कृतिक और राज्य के विकास में दिये गये योगदान के प्रति गौरव की भावना को जागरूक करना था। समारोह का शुभारंभ दोपहर 12 बजे महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में देवी सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया।

## समय पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर 4 डाक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने जिला चिकित्सालय के चार डाक्टर्स को नियत समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है।

सिविल सर्जन डॉ निलय जैन द्वारा 31 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय का प्रात: 10.30 बजे राउंड लेने पर पाया गया कि डॉ नितेन्द्र रावतकर, डॉ अंकित राणा, डॉ डेनिला उईके एवं डॉ गीता बोकड़े ओपीडी में उपस्थित नहीं थे और उनके कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लगी थी। इन डाक ?टर्स का यह आचरण कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उन्हें 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी प्रकार डॉ अनुप तिलगाम द्वारा सर्जरी के दो मरीजों की फिट/अनफिट की रिपोर्ट नहीं दी जा रही है और कहा जा रहा है कि रिपोर्ट डा अंकित राणा और डॉ गीता बोकड़े देंगे। डॉ गीता बोकड़े द्वारा कहा जा रहा है कि फिट/अनफिट की रिपोर्ट डॉ अंकित राणा और डॉ तिलगाम देंगें। फिट/अनफिट की रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण दोनों मरीजों की सर्जरी में विलंब हो रहा है। इस पर डॉ अनुप तिलगाम एवं डॉ गीता बोकड़े को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

## बालाघाट जिला खिलाड़ियों की खदान : राजेश पाठक

नवभारत, बालाघाट। जबलपुर संभाग में बालाघाट एक ऐसा जिला है जहां पर हॉकी, क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी, व्हालीवॉल कुश्ती जैसे महत्वपूर्ण खेलों ने जिलें का नाम राज्य के साथ राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है द्य इसी भावना के साथ जिला स्पोर्टर्स अकादमी के तत्वाधान में आज रविवार को जिले के व्हालीवाल खिलाडीयों का सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन नगर के होटल ग्रेड कमल में दोप. 01 बजे रखा गया है ।

इस समारोह के प्रमुख अतिथियों में श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट सिवनी , पूर्व केबिनेट मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर , रमेश रंगलानी, जिला अध्यक्ष क्षत्रिय राजपूत समाज संजय सिंह कछवाह बालाघाट रहेंगे द्य

इस आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला सर्व ब्राम्हण समाज जिलाध्यक्ष राजेश पाठक है जिनके प्रयासों के कारण ही ऐसा आयोजन सम्भव हो पाया द्य

इस आयोजन में सचिव सुधीर तोमर , सचिव अभिषेक पांडे जिला स्पोर्टर्स अकादमी अध्यक्ष तपेश असाटी के साथ आशीष मिश्रा जिला स्पोर्टर्स अकादमी एवं अन्य का समावेश है।

इस संबंध में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि बालाघाट जिला खेलों के क्षेत्र में केवल प्रदेश ही नहीं देश में अपना अलग स्थान रखता है। यहां पर विभिन्न खेलों के खिलाडियों ने समय समय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके खुद का एवं जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने पर कभी कोई कमी नहीं छोडी है। जिला स्पोर्टर्स अकादमी लगातार खिलाडियों को प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन करने में निरंतर अपने प्रयास जारी रखता है।

ज्ञात हो कि समाजसेवी राजेश पाठक के नेतृत्व में ही बालाघाट जिले में पांच बार पुरूष एवं महिला कबड्डी स्पर्धा आयोजित की गई और बालाघाट से ही प्रदेश की टीम का चयन किया गया। हॉकी में नेहरू स्पोटिंग क्लब लगातार राष्ट्रीय स्तर की अखिल भारतीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन कर रहा है। इसी तरह से पाठक के प्रयासों से ही यहां पिछले दिनों फुटबाल की भी राज्य स्तरीय स्पर्धाओं को आयोजित की गई। जिले के खेल प्रेमियों की तारीफ करते हुये राजेश पाठक ने कहा कि छिंदवाडा, सिवनी, मंडला जिलों में जितने खेल आयोजन नहीं होते उससे कई गुना अधिक आयोजन बालाघाट में होते है द्य इसके लिये वह सभी खेल संस्थायें और आयोजन समिति बधाई की पात्र है जो इस प्रकार के खेल स्पर्धायें आयोजित करके जिले में खिलाडियों के उत्साह और उमंग को बनाये रखती है।

**समारोह** सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# समारोहपूर्वक मनाया गया मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस

**नवभारत, बालाघाट।** 01 नवंबर को मध्यप्रदेश राज्य का स्थापना दिवस बालाघाट जिले में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। जिला स्तारीय कार्यक्रम बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करने के पश्चात मध्यप्रदेश गान के साथ किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना 01 नवंबर 1956 को हुई है। अपनी स्थापना के बाद मध्यप्रदेश ने 70 वर्षों का सफर तय कर लिया है। इस यात्रा में प्रदेश ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। लेकिन प्रदेश में विकास की यह यात्रा कभी रूकी नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि हमारा जिला धान उत्पादक जिला है। अतिवर्षा एवं बीमारी के कारण धान की फसल को नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा इसका सर्वे कराया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए समय सीमा में जिले के किसान पंजीयन कराने से छूट गये थे। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने किसानों की समस?या को रखा था और किसानों के पंजीयन की तिथि बढ़ाने का आग्रह किया था। उनके इस आग्रह को मुख्यमंत्री द्वारा मान लिया गया है और धान उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 06 नवंबर कर दी गई है। जो किसान अपना पंजीयन नहीं करा सके थे व अब 06 नवंबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, श्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, शिक्षाविद श्रीमती लता एलकर, जिला पंचायत सदस्य श्री डुलेन्द्र ठाकरे, श्री झामसिंह नागेश्वर, स्वतंत्रता सेनानी श्री भंसाली, मीसाबंदी श्रीमती नगपुरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, नगरपालिका के पार्षद, गणमान्य नागरिक, सभी विभागों के अधिकारी, शासकीय सेवक एवं विद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय बालाघाट, एमएलबी स्कूल बालाघाट, जनजातीय विभाग के कन्या छात्रावास एवं बैगा जनजाति के बच्चों के लिए संचालित अंग्रेजी माध्यम की आश्रम शाला के बच्चों ने शानदार आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्रों ने स्वस्थ्य रहने के लिए योग पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सामपन पुलिस बैड द्वारा राष्ट्रगान जन-गण-मन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अजय बैस द्वारा किया गया।

लखपति दीदियों ने प्रदर्शनी में 10 हजार रुपये की सामग्री का विक्रय किया।